जल संकट : कांग्रेस ने किया ननि का घेराव

महिलाओं ने मटके फोड़कर जताया आक्रोश, निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन, जल्द समाधान नहीं होने पर बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. शहर में गहराते जल संकट को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव की अगुवाई एवं नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव के नेतृत्व में नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया गया.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने कृष्णगंज वार्ड स्थित जीवन रैन बसेरा चौराहे से नगर निगम कार्यालय तक रैली निकालते हुए खाली मटके लेकर नारेबाजी की. महिलाएं पानी दो-पानी दो के नारे लगाती रहीं और नगर निगम गेट के पास बैठकर विरोध प्रदर्शन किया. निगमायुक्त राजकुमार खत्री को ज्ञापन सौंपकर जल समस्या के तत्काल समाधान की मांग की गई. जिला शहर

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि शहर की जनता पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है, जबकि नगर निगम के अधिकारी कुंभकरणी नींद में सोए हुए हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है तथा 24 घंटे जल आपूर्ति के वादे के बावजूद लोगों को मुश्किल से आधा घंटा पानी मिल रहा है. एक महीने का बिल लेकर केवल 10-12 दिन पानी देना जनता के साथ खुली लूट है.

नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव ने कहा कि कम प्रेशर के कारण ऊंची इमारतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे लोग बेहद परेशान हैं. इसके बावजूद नागरिकों से भारी जल कर वसूला जा रहा है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टाटा कंपनी द्वारा जल सप्लाई का समय निश्चित नहीं है, जिससे लोग समय पर पानी नहीं भर पाते. उन्होंने बाघराज वार्ड में पानी की लाइन नहीं डाले जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वहां के लोग दर-दर भटकने को मजबूर हैं. पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि काम के मामले में निगम पूरी तरह निष्क्रिय है. शहर में जल संकट गहराता जा रहा है, समय पर पानी नहीं मिल रहा और गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है. कांग्रेस नेता मुकुल पुरोहित ने भारी बिल वसूली को उन्होंने जनता की जेब पर डाका बताया, निगमायुक्त से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने की मांग की.

कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने खाली मटके फोड़कर विरोध दर्ज कराया. निगमायुक्त श्री खत्री ने आश्वस्त किया कि बाघराज वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों की जल समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा. ज्ञापन का वाचन कांग्रेस महिला उत्पीड़न विभाग की अध्यक्ष गीता कुशवाहा, आभार जिला संगठन महामंत्री रामकुमार पचौरी ने माना. इस दौरान प्रदीप गुप्ता, सिंटू कटारे, राहुल चौबे, अक्षत कोठारी, जितेंद्र रोहण, आनंद हैला, शरद पुरोहित, कमलेश तिवारी, पार्षद शिवशंकर यादव, ताहिर खान, रिचा सिंह, नीलोफर अंसारी, रोशनी खान, अशोक साहू, नरेंद्र मिश्रा, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, जितेंद्र चौधरी, किरणलता सोनी, रेखा सोनी, ज्योति मलैया, समीर खान, अवधेश तोमर, शैलेंद्र तोमर आदि मौजूद थे.

गांजे की खेती और बिना पर्ची दवा बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिए हैं. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा.

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे जिले के उन दवा विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों को चिन्हित करें जो संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं.

उन्होंने निर्देश दिए कि, कोई भी विक्रेता बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के नशीली दवाओं की बिक्री न करे. सभी दवा दुकानों में दवाओं के स्टॉक और विक्रय का रिकॉर्ड संधारित होना अनिवार्य है. नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स और डॉक्टरों पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही की जाए. उन्होंनकहा कि जिले में गांजे की अवैध खेती करने वाले किसानों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए. उन्होंने इसके लिए मैदानी अमले को मुस्तैद रहने को कहा है. युवाओं को नशे से बचाने के लिए शिक्षा विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है. स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग विशेष अभियान चलाकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करेंगे. इस बैठक में एसपी विकास शाहवाल,निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एएसपी लोकेश सिन्हा सिटी मजिस्ट्रेट गगन विसेन सहित जिला शिक्षा अधिकारी, आबकारी विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर मौजूद थे.

पति-पत्नी ने फांसी लगाई

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 28 अप्रैल. सागर जिले के शाहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक दस निवासी एक मजदूर दम्पत्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, कारण अज्ञात है. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनो को सौंप दिए गए.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक दस निवासी उत्तम अहिरवार उम्र 50 वर्ष पत्नी हरिबाई उम्र 45 वर्ष के साथ रहते थे, जो कि तेंदूपत्ते का कार्य करते थे. दम्पत्ति का पुत्र सागर मे निवास करता है. सुबह जब घर के बाहर ही पड़ोसी वाहन उठाने गया तो मकान के अंदर पति पत्नी दोनो फांसी के फंदे से लटके दिखे. पड़ोसी युवक ने ही पुलिस को सूचित किया गया और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव उतारकर पंचनामा तैयार किया. मर्ग कायम कर दोनो शव पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ भेज दिए गए.

जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनो को सौंप दिए गए और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जावेगी.

तीन को नोटिस जारी

सागर. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कड़ा रुख अपनाते हुए शासकीय दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं बैठक से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया. आदेशित किया कि उक्त अधिकारी समक्ष में स्वयं उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करे एवं कारण व्यक्त करें. जिन अधिकारियों को दिया गया कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमे अशोक मुकाती, सुरेश कुमार, डॉक्टर सरोज गुप्ता प्राचार्य शामिल है.

त्रिदिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. एडिना के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में आयोजित 3 दिवसीय आधारित तकनीकी कार्यशाला समापन हुआ.

यह कार्यशाला विद्यार्थियों को आधुनिक इंडस्ट्रीज में उपयोग होने वाले तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी. कार्यशाला के दौरान छात्रों को विभिन्न तकनीकों एवं उनके उपयोग के साथ उनके वास्तविक औद्योगिक अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण के माध्यम से आधुनिक समझने का अवसर मिला. कार्यशाला के आयोजन पर संस्थान के निर्देशक डॉ. सुनील जैन, चेयरमैन राजेश जैन, एसोसिएट डायरेक्टर इंजी. रोहित जैन एवं इंजी. सुयश जैन, तथा प्राचार्य डॉ अभिषेक जैन ने कहा कि कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को नई तकनीकी दक्षता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. कार्यशाला में डॉ. दीपाली साहू, अनिमेष अवस्थी, राजकुमार यादव, अनुराग सिंह, रजनीश पचौरी, सौरभ पटेरिया, दीपक साहू, विकास जैन, शिवानी पटेल एवं मधु विश्वकर्मा उपस्थित रहे.

जैन मिलन के चुनाव हुए संपन्न

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. जैन मिलन की मासिक बैठक तिलकगंज मे आयोजित की गई.

नवीन कार्यकारिणी के चयन पर चर्चा हुई. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्तमान कार्यकारिणी के लिए पुन: कार्यभार दिया जाए. आने वाले समय में किए जाने वाले सेवा कार्यों की रूपरेखा तय की गई. बैठक में जैन मिलन के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बहरोल, सचिव आशीष निशंक, कोषाध्यक्ष संजय रजवांस, प्रचार मंत्री अजीत जैन, अभिषेक रानू, सिंथिल पड़ेले, आशीष मरैया, राजेश बांसा, जिनेन्द्र प्लास्टिक मौजूद थे.

वर्षों पुरानी दुकानों को किया गया ध्वस्त

नवभारत न्यूज

राहतगढ़ 28 अप्रैल. मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में एक बड़ी कार्यवाही की है.

बस स्टैंड परिसर में नवनिर्मित मार्केट में दुकानदारों को शिफ्ट करने के बाद, वर्षों पुरानी दुकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है. नगर परिषद द्वारा लॉटरी सिस्टम के माध्यम से पूर्व में दुकानों का आवंटन किया जा चुका था और पुरानी दुकानों को खाली करने हेतु दुकानदारों को बार-बार नोटिस जारी किए गए इसके बाद दुकानदारों के द्वारा

दुकान शिफ्ट नहीं की गई. नगर परिषद द्वारा अंतिम नोटिस जारी किया गया और राजस्व अमला नगर परिषद अमला और पुलिस बल के साथ मिलकर दुकानों को शिफ्ट कराया गया. पुरानी मार्केट के कारण बस स्टैंड क्षेत्र में काफी भीड़-भाड़ और अव्यवस्था बनी रहती थी, जिससे यात्रियों और बसों के आवागमन में लगातार बाधा आती थी. इस दौरान एसडीएम रोहित वर्मा, निर्मल सिंह राठौर तहसीलदार, राजकुमार शुक्ला नायब तहसीलदार मुकेश सिंह ठाकुर थाना प्रभारी, रामअवतार धाकड़ चौकी प्रभारी सिहोरा, राजेश कोष्टी आरआई, दिनेश राय पटवारी मौजूद थे.

स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. रोजगार कार्यालय शासकीय आईटीआई तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के तत्वावधान में शासकीय संभागीय आईटीआई परिसर में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया.

इस रोजगार मेले में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए कुल 292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 176 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया. मेले में प्रमेन्द्र शर्मा, पूजा तिवारी, आरके दुबे, परमानंद सेन, नितिन खरे, प्रदीप उपाध्याय, सुनील लड़िया, राहुल रैकवार, सचिन राही, राम यादव मौजूद थे.

20 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

नवभारत न्यूज

राहतगढ़ 28 अप्रैल. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार समर्थन मूल्य पर हर किसान का एक-एक दाना खरीदेगी.

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार किसान हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने में परेशानी नहीं होने दी जाएगी खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने यह बात ग्राम बहादुरपुर, खैजरामाफी, अलीनगर और भावुकाबारी में 20 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण अवसर पर कही. खाद्य

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री राजपूत ने राहतगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बहादुरपुर में पुलिया निर्माण तथा बहादुरपुर एनएच-86 से खैजरामाफी मार्ग के नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्र को विकास की बड़ी सौगात दी. इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि इस मार्ग के सुधार की मांग क्षेत्र के ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी, जिसे प्राथमिकता देते हुए 4 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृति प्रदान कराई गई है. उन्होने कहा कि लगभग 15 गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी.

सांसद ने सुनीं जनसमस्याएं

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने पुरानी कचहरी रोड स्थित सांसद संवाद केंद्र कार्यालय में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. साथ ही उन्होंने संवाद केंद्र में आने वाली शिकायतों के निपटारे की प्रगति की समीक्षा भी की, और कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों से फीडबैक लेते हुए सांसद ने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर, भाजपा नेता रामेश्वर नामदेव, मनीष नेमा, रवि ठाकुर, धनीराम चारटोरिया सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें.

बुंदेलखंड में प्राकृत विद्या शिक्षण शिविर

सागर. बुंदेलखंड क्षेत्र में प्राकृत भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु प्राकृत भाषा विकास फाउंडेशन द्वारा प्राकृत विद्या शिक्षण शिविरों का आयोजन 2 मई से प्रारंभ किया जा रहा है. राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आशीष जैन आचार्य, शाहगढ़ ने बताया कि प्राकृत भाषा हमारी प्राचीन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा की मूल धारा है. इन शिक्षण शिविरों के माध्यम से नई पीढ़ी को इस अमूल्य धरोहर से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे भाषा के साथ-साथ संस्कारों का भी संवर्धन हो सके. क्षेत्रीय संयोजक विजय जैन शास्त्री ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में आयोजित ये शिविर विद्यार्थियों एवं जिज्ञासुओं के लिए एक उत्कृष्ट अवसर हैं. शिविरों में व्यवहारिक एवं प्रभावी पद्धति से प्रशिक्षण दिया जाएगा.

देहदान और अंगदान करने के नियमों के सरलीकरण कराए जाने पर विमर्श

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. मानव गरिमा और भेदभाव रहित वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए समर्पित संस्था गवेषणा के 24वें नियमित संवाद क्रम का आयोजन तिली वार्ड स्थित जिज्ञासा वाचनालय में हुआ.

उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश की ग्वालियर खंडपीठ के द्वारा कृषि विभाग के एक कर्मचारी की मृत्यु के बाद उनकी पदोन्नति और पेंशन प्रकरण में पारित फैसले को केन्द्र में रखकार विषय के मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता और विधि विषेशज्ञ रामदास ने भारत में मृत्यु के बाद के अधिकारों पर विस्तृत व्यख्यान दिया. व्यख्यान में गरिमा पूर्ण अंतिम संस्कार, प्रतिष्ठा और

निजता के अधिकार, संपत्ति के अधिकार, शव का सम्मान, वसीयत, उत्तराधिकार जैसे विषयों पर प्रकाश डाला. गवेषणा अध्यक्ष डॉ.मनोहर चौरसिया कि स्वयं देहदानी हैं, ने देहदान और अंगदान मामलों में आ रही विधिक और नियमों की समस्याओं पर अपनी बात रखी. वर्तमान में गांधी मेडिकल कालेज, भोपाल में ही सक्रिय बताया जा रहा है. देहदान और अंगदान वसीयत के बाद वरिसानों की सहमति की विधिक अनिवार्यता को सरलीकृत कराये जाने की आवश्यकता व्यक्त की. आयोजन में डॉ. शिवकुमार चैरसिया, अमिय साक्षी, इंजी. सारांश गौतम, डॉ.चंदन कुमार, डॉ.तरूण, डॉ.अमरमणि त्रिपाठी, शिवकुमार यादव, बाबूलाल रजक, स्वाति विश्वास, डॉ.अजय कुमार, बृजेश मिश्रा मौजूद थे.

बसों में लगवाए गए स्टीकर

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 28 अप्रैल. मुख्य बस स्टेण्ड पर यात्री बसों पर राहवीर एवं कैशलेस योजना प्रचार-प्रसार हेतु परिवहन अमले द्वारा स्टीकर लगाये गये.

दोनों योजनाओं के 400 स्टीकर तैयार कराकर बस स्टेंड से संचालित होने वाली सभी यात्री बसों पर लगाये गये है. जिससे इन दोनों योजनाओं के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाई जा सकें. राहवीर योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को यदि दुर्घटना के 1 घंटे के अंदर इलाज हेतु अस्पताल पहुंचा जाता है तो अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति को राहवीर संबोधित किया गया है. राहवीर को रू. 25000/- का पुरूस्कार तथा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है. राहवीर योजना सड़क दुर्घटना में घायल

व्यक्ति की जान बचाने वाली एक नेक योजना है तथा जान बचाने वाले व्यक्ति को इस कार्य हेतु पुरुस्कृत तथा सम्मानित किया जाता है.

नगदी रहत उपचार योजना-2025, इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा तुरंत इलाज प्रारंभ किया जाना अनिवार्य है तथा रूपए 1.50 लाख का नि:शुल्क उपचार अथवा 7 दिवस तक नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था इस योजना अंतर्गत की गई है.

महिला कांग्रेस ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. कृष्णगंज वार्ड स्थित जीवन रैन बसेरा के पास महिला कांग्रेस द्वारा नारी शक्ति वंदना अधिनियम-2023 को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया.

महिला पार्षद श्रीमती रिचा सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदना अधिनियम को जल्द लागू करना समय की मांग है. महिलाओं को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि अधिकार चाहिए और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे. पार्षद नीलोफर अंसारी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों

की महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण बेहद जरूरी है. डॉ. किरणलता सोनी ने कहा कि महिलाओं के बिना लोकतंत्र अधूरा है और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है. अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को विशेष अवसर देकर ही वास्तविक सशक्तिकरण संभव है. अभियान के दौरान महिलाओं ने पोस्टकार्ड के माध्यम से केंद्र सरकार को संदेश भेजे और अधिनियम को शीघ्र लागू करने की मांग की.

इस दौरान रेखा सोनी, गीता कुशवाहा, ज्योति मलैया, कुमकुम ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, पार्षद शिवशंकर यादव, पार्षद ताहिर खान, वसीम खान आदि उपस्थित रहे.

परीक्षा में 825 छात्र अनुपस्थित

नवभारत न्यूज

ललितपुर 28 अप्रैल. जिले में आयोजित हुई परीक्षा के आंकड़े सामने आ गए हैं. कुल 8 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित इस परीक्षा में हजारों छात्रों ने भागीदारी की. परीक्षा के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट हुआ है कि सुबह की पाली की तुलना में दूसरी पाली में छात्रों का उत्साह अधिक था और उपस्थिति प्रतिशत में भी सुधार देखा गया.

परीक्षा की पहली पाली में कुल 3120 सीटों पर परीक्षा आयोजित की गई थी. इसमें कुल 2295 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 825 छात्र अनुपस्थित रहे. इस प्रकार पहली पाली में कुल उपस्थिति प्रतिशत 73.56 प्रतिशत दर्ज किया गया. केन्द्रों के प्रदर्शन की बात करें तो पहली पाली में पीएन इंटर कॉलेज ने बाजी मारी, जहां सर्वाधिक 76.67 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहे. वहीं नेहरू डिग्री कॉलेज पार्ट-2 में 70.31 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जो उस पाली में सबसे कम रही. इसी तरह, गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में 76.25 प्रतिशत और गवर्नमेंट इंटर कॉलेज में 72.71 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई थी. दूसरी पाली में छात्रों की भागीदारी में इजाफा देखने को मिला.

संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सागर 28 अप्रैल. केंद्रीय विद्यालय संगठन की 55वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल परिसर एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, कैंट में हुआ.

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि दिग्गराज मीणा ने ध्वजारोहण किया. मेजबान विद्यालय की केवीएस राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक विजेता एथलीट सृष्टि पटेल ने प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई. इस अवसर पर प्राचार्य मनीष गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया. तीन दिवसीय आयोजन में एथलेटिक्स और

शतरंज की स्पर्धाएँ आयोजित की जाएंगी. इनमें जबलपुर संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं. सभी स्पर्धाएं अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 बालक एवं बालिका, इन तीन वर्गों में होंगी. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3 के प्राचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज ने आभार माना. इस अवसर पर प्रदीप अबिद्रा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने भी संबोधित किया. इस दौरान सुनील तिवारी, आर एस वर्मा, विनोद कुमार, यशपाल अरोरा, डॉ. नईम अहमद खान खेल शिक्षक, सहित विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक मौजूद थे.